पाठ 20. झाँकी हिंदुस्तान की (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य स्व-जागरूकता का कौशल विकसित करना है ताकि छात्र अपनी पसंद व नापसंद की पहचान कर सकें। हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जिसकी प्रकृति और जिसके समाज का जीवन बहुत सारे खूबसूरत रंगों से भरा है। इस देश की संस्कृति के ठाठ निराले हैं। यह देश बलिदान करने वाले वीरों और वीरांगनाओं की कर्मभूमि है। कवि इस देश की मिट्टी को नमन करते हैं।

अध्यापन संकेत

यह पाठ मौखिक पठन के लिए है। देशभक्ति की भावना से भरपूर इस गीत का मुखर वाचन करवाएँ। साथ ही बच्चों से हिंदुस्तान के बारे में चर्चा करें।

गीत से जुड़े कुछ प्रश्न बनाकर पूछे जा सकते हैं। अन्य बच्चों से उन प्रश्नों के मौखिक उत्तर सुने जा सकते हैं।